# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, बागपत की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक–18.11.2024 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशो के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2019 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की बैठक **दिनांक–18.11.2024** को जिलाधिकारी महोदय, बागपत की अध्यक्षता में आयोजित की गयी है जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों के साथ सम्बंधित उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अभियन्तागण, फर्म/ एजेन्सियों के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

1. श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी, बागपत। – अध्यक्ष
2. श्री अखिलेश कुमार चौबे, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी, बागपत। – उपाध्यक्ष
3. श्री अमित कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या0जल निगम (ग्रामीण), बागपत – सदस्य सचिव
4. डॉ0 तिरथलाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बागपत। – सदस्य
5. श्रीमति गीता, बेसिक शिक्षा अधिकारी, बागपत। – सदस्य
6. श्री सुरेश कुमार, सहायक अभियन्ता, ग्राउन्ड वाटर विभाग, बागपत – सदस्य
7. श्री श्रवण कुमार, वन विभाग, बागपत
8. सुश्री ज्योति बाला, खण्ड विकास अधिकारी, बड़ौत/बिनौली।
9. श्री गंवर सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, छपरौली/पिलाना।
10. श्री बाल गोविन्द यादव, खण्ड विकास अधिकारी, खेकड़ा
11. श्री विनित कुमार, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन।
12. मो0 हारून, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बागपत।
13. श्री अनुज कुमार, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बागपत।
14. श्री दिनेश जयसवाल, जनरल मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा, अहमदाबाद।
15. श्री गौरव आर्य, असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा, अहमदाबाद।
16. श्री आदिल खान, इंजीनियर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा, अहमदाबाद।
17. श्री मोनू राणा, ग्रामीण विकास ट्रस्ट नोयडा(इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी)।
18. कु0 सोनम, मै0 आर0एम0ई0 सोसाईटी, नई दिल्ली (इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी)।
19. कु0 कोमल, मै0 आर0एम0ई0 सोसाईटी, नई दिल्ली (इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी)।
20. श्री हिमांशु शर्मा, डी0पी0एम0, मै0 आरवी एशोसिएट्स, मेरठ (टी0पी0आई0)।
21. श्री जगजीत सिंह, सपोर्ट इंजीनियर, मै0 आरवी एशोसिएट्स, मेरठ (टी0पी0आई0)।
22. श्री नमीत कुमार, सपोर्ट इंजीनियर, मै0 आरवी एशोसिएट्स, मेरठ (टी0पी0आई0)।

**(i) डी0पी0आर0 विरचन कार्यः–**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0–1197/छिहत्तर–1–2021–25 सम/2019, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 21.05.2021 के द्वारा भारत सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु जनपद बागपत हेतु नामित संस्था मै0 एल0सी0 इन्फा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, 409 इस्कॉन एलिगेन्टस, निकट जैन मन्दिर, प्रहलाद नगर, कोसिंग रोड, एस0जी0 हाइवे, अहमदाबाद द्वारा विस्तृत प्रायकलन तैयार कराकर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को उपलब्ध कराने है। पूर्व में 07, 34, 05, 19, 09, 27, 07, 17, 11, 04, 28 एवं कुल 191 ग्रामों की 174 डी0पी0आर0 पाईप पेयजल योजनाओं के विस्तृत प्राक्कलन सम्बंधित फर्म द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को उपलब्ध कराये गये थे। जिन्हें जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा दिनांक–07.06.2021, दिनांक– 09.07.2021, दिनांक–23.07.2021, दिनांक–31.07.2021, दिनांक–27.08.2021, दिनांक–12.10.2021, दिनांक–22.10.2021, दिनांक–16.09.2022, दिनांक–29.10.2022, दिनांक–18.11.2022, दिनांक–16.12.2022 एवं दिनांक–30.12.2022 को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति, लखनऊ को स्वीकृति हेतु संस्तुति सहित अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया

था। जिसके सापेक्ष जनपद अन्तर्गत 191 ग्राम की 174 पाइप पेयजल योजनाओं की स्वीकृति राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति, लखनऊ द्वारा प्राप्त हो चुकी है।

**(ii) त्रिपक्षीय अनुबंध गठन/कवर एग्रीमेन्ट का निष्पादन :-**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद बागपत हेतु नामित संस्था मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे.वी. 409 इस्कॉन ऐलिमेन्टस, निकट जैन मन्दिर, प्रहलाद नगर, कॉरिंग रोड, एस.जी. हाइवे, अहमदाबाद द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन स्तर से अद्यतन स्वीकृत 174 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष कुल 174 त्रिपक्षीय अनुबंध गठन किये जा चुके है।

**(iii) कवर अनुबंध के सापेक्ष पेयजल योजनाओं की कार्य स्थल पर निर्माण की स्थिति :-**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बागपत/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 174 पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया जाना है। 174 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 147 नग पेयजल योजनाओं मे 149 नग अवर जलाशयो के निर्माण कार्य प्रस्तावित है तथा 27 नग पुर्नगठन योजनाओं मे अवर जलाशयों के मरम्मत कार्य प्रस्तावित है। 149 नग अवर जलाशयो के सापेक्ष 84 नग अवर जलाशयो के निर्माण कार्य पूर्ण है एवं 65 नग अवर जलाशय निर्माणाधीन है। उक्त 65 लग अवर जलाशय मे से 13 नग जलाशय टॉप डोम पर है जोकि नवम्बर माह अन्त तक पूर्ण कर लिये जायेगे, 12 नग बॉटम डोम पर है जोकि 20 दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण कर लिये जायेगें, 15 नग अवर जलाशय स्टेजिंग लेवल पर है जोकि 30 दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण कर लिये जायेगें, 02 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ नही हुआ है, 08 नग अवर जलाशय भूमि विवाद व विद्युत लाईन शिफ्टिंग के कारण बाधित है। कुल 109 नग पेयजल योजनाओं मे 111 नग (84 नग नये, 27 नग पुर्नगठन) अवर जलाशय के निर्माण कार्य पूर्ण है, जिसमें से 74 नग अवर जलाशयों के माध्यम से फर्म द्वारा पेयजल आपूर्ति चालू की गयी है तथा 37 नग अवर जलाशयो मे राइजिंग मैन एवं मैन पाईप लाइन जोडन का कार्य अवशेष है। इस प्रकार बन्द 15 नग अवर जलाशयों के निर्माण कार्य तथा 39 नग अवर जलाशय जिनमे आपूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है के सम्बंध में फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री दिनेश जायसवाल द्वारा कोई तथ्यात्मक कारण प्रस्तुत नही किया गया, जिससे प्रतीत होता है कि फर्म द्वारा कार्यों के प्रति उदासीनता, उच्चाधिकारियों के आदेशो की अवहेलना तथा घोर लापरवाही बरती जा रही है जिससे जनपद की छवि धूमिल हो रही है। उक्त के सम्बंध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला विकास अधिकारी को उनकी ओर से प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को पत्र पत्रावली पर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित समिति के सदस्यों मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बागपत, बेसिक शिक्षा अधिकारी, बागपत, सहायक अभियन्ता, ग्राउन्ड वाटर, बागपत एवं खण्ड विकास अधिकारियों को जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन एवं 10 बडी बाधाओं के निराकरण के सम्बंध में सुझाव दिनांक-23.11.2024 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल शुल्क वसूली के सम्बंध में जानकारी चाही गयी जिसके कम मे आई0एस0ए0 मै0 ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रतिनिधि श्री मोनू राणा द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी संस्था द्वारा लगभग रू0 24.98 लाख की वसूली पिछले 2 वर्ष में की गयी है। जोकि कुल लक्ष्य रू0 881.73 लाख का 2.83 प्रतिशत है। श्री मोनू राणा द्वारा जिलाधिकारी महोदय से ग्राम प्रधान/सचिव एवं पम्प आपरेटर को भी शुल्क वसूली के सम्बंध में सहयोग प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि 76 नग पेयजल योजनाओं पर तैनात पम्प आपरेटर के मोबाईल नम्बर की सूची जिला विकास अधिकारी को उपलब्ध

करायी जाये तथा उपस्थित समस्त खण्ड विकास विकास अधिकारियों को सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। मै0 आर0एम0ई0 बाल विकास सोसाईटी, नई दिल्ली के मुख्य कार्य प्रभारी श्री एस0सी0 शुक्ला की अनुपस्थिति मे आई0एस0ए0 की प्रतिनिधि कु0 सोमन व कु0 कोमल द्वारा बैठक मे प्रतिभाग किया गया। 07 नग आवंटित ग्रामो के सापेक्ष 04 नग ग्रामो मे रू0 55900 की जल वसूली पिछले 2 वर्ष मे की गयी है। वसूली कम होने के सम्बंध मे तथ्यात्मक कारण आई0एस0ए0 के प्रतिनिधि द्वारा नही दिया गया जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अत्यन्त रोष प्रकट किया गया एवं सम्बंधित आई0एस0ए0 की कार्य प्रणाली मे सुधार नही होता है तो कार्य हटाते हुये दूसरी संस्था मै0 ग्रामीण विकास ट्रस्ट, नायेडा से कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया। अवशेष ग्रामों मे जन–जागरूकता अभियान चलाकर जल शुल्क वसूली बढ़ाते हेतु सन्तोषजनक प्रगति प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

अन्त मे सभी का आभार व्यक्त करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक का समापन किया गया।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति बागपत

पृ0सं0 2564 / विविध–3/ 137 दिनांक– 21-11-2024

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमांमि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, प्रथम तल, मल्टीपरपज हॉल, किसान बाजार, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मेरठ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मेरठ।
6. जिलाधिकारी, बागपत।
7. मुख्य विकास अधिकारी, बागपत।
8. जिला विकास अधिकारी, बागपत।
9. जिला वनाधिकारी, बागपत।
10. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बागपत।
11. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बागपत।
12. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई, बागपत।
13. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, बागपत।
14. जिला कृषि अधिकारी, बागपत।
15. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, बागपत।
16. उपजिलाधिकारी, बागपत/बड़ौत/खेकड़ा।
17. खण्ड विकास अधिकारी, बागपत/बड़ौत/खेकड़ा/पिलाना/बिनौली/छपरौली।
18. मै0 एल0सी0 इन्फा प्राजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0,अहमदाबाद।
19. मै0 आर0एम0ई0 समुदाय बाल विकास सोसाईटी, नई दिल्ली–110044,
20. ग्रामीण विकास ट्रस्ट, ए–विंग, कृभको भवन, ए–10, सेक्टर 1 नोएडा, जिला–गौतमबुद्धन गर।
21. मै0 मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, मेधज टॉवर, आशियाना कानपुर रोड, लखनऊ–2260121

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति बागपत